भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 627

गुरूवार, 23 जुलाई, 2026/01 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन से संबंधित आय

627 श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि 2024 में भारत की अंतरराष्ट्रीय पर्यटन से होने वाली कमाई लगभग 35 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जो तुर्की (56.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर), थाईलैंड (42.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर) और सऊदी अरब (42 बिलियन अमेरिकी डॉलर) जैसे देशों की तुलना में काफी कम है, जबकि भारत में सांस्कृतिक और विरासत पर्यटन के कई आकर्षण मौजूद हैं;

(ख) क्या सरकार ने भारत में पर्यटन से होने वाली विदेशी मुद्रा की कमाई अपेक्षाकृत कम होने के कारणों का पता लगाने के लिए कोई तुलनात्मक अध्ययन करवाया है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत आने वाले प्रत्येक विदेशी पर्यटक का औसत खर्च और उनके यहां रुकने की औसत अवधि क्या रही है; और

(घ) अधिक धन खर्च कर सकने वाले विदेशी पर्यटकों के पर्यटन को बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं या प्रस्तावित हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए भुगतान संतुलन संबंधी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत की अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन प्राप्तियां 2.93 लाख करोड़ रुपये थीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.44% अधिक थीं। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में पर्यटन के माध्यम से विदेशी मुद्रा आय में वृद्धि हुई है। साथ ही, विश्व पर्यटन प्राप्तियों में भारत की हिस्सेदारी में लगातार वृद्धि देखी गई है, जो वर्ष 2001 में 0.69% से बढ़कर वर्ष 2024 में 2% से अधिक हो गई है।

विदेशी मुद्रा आय और भारत में प्रवास की औसत अवधि

वर्ष	विदेशी मुद्रा आय (लाख करोड़ रुपये में)#	भारत में प्रवास की औसत अवधि (दिनों में)*
2020	0.96	32
2021	0.64	27
2022	1.70	23
2023	2.66	18
2024	2.93	18

भुगतान संतुलन (बीओपी), भारतीय रिज़र्व बैंक

*आप्रवासन ब्यूरो

(घ): पर्यटन संबंधी पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना एक सतत प्रक्रिया है, जो मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों द्वारा की जाती है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन 2.0', 'प्रशाद' आदि जैसी अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करके इन प्रयासों को संपूरित करता है। देश में आने वाले हाई-वैल्यू वाले पर्यटन को बढ़ाने के लिए सरकार, चिकित्सा और निरोगता, क्रूज तथा एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियाँ) जैसे विशिष्ट पर्यटन उत्पादों को रणनीतिक रूप से बढ़ावा देती है, ताकि विशिष्ट रुचियों वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता और विविध आकर्षणों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने में रुचि रखने वाले यात्रियों और हितधारकों के लिए एक व्यापक संसाधन के रूप में अतुल्य भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म (आईआईडीपी) का नया संस्करण शुरू किया है।

****